हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 4 अक्टूबर 2025

11 अयोध्या लौटने पर किया भगवान राम का राजाभिषेक



12 सोनम वांगचुक कोई देशद्रोही नहीं, राष्ट्रभक्त जेल में डालना अन्यायपूर्ण



सड़क किनारे दुकानदारों को दो से 10 हजार रुपये मासिक किराया देने को मजबूर रेहड़ी संचालक

# स्ट्रीट वेंडर्स योजना के तहत 2018 में सर्वे, 7 साल से रेहड़ी संचालकों का रजिस्ट्रेशन से आगे नहीं बढ़ी नगर परिषद, न ही जगह चिन्हित

***नगर परिषद की थी शहर का सौंदर्यीकरण करने के लिए रेहड़ी को जगह देने की प्लानिंग, अधिकारी नहीं चढ़ा पाए सिरे***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के सौंदर्यीकरण के लिए रेहड़ी संचालकों को जगह देने की योजना स्ट्रीट वेंडर्स के तहत प्रशासन ने तैयार की। नोयडा की रूद्राभिषेक इंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईपीएल) को यह काम सौंपा। इस कंपनी ने साल-2018 में फरवरी से जुलाई माह के बीच सर्वे किया। उस सर्वे में शहर में 776 रेहड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। रेहड़ी संचालकों को आस जगी कि उन्हें अब दुकानों के बाहर खड़ी रेहड़ी का मासिक मोटा किराया (दो से 10 हजार) से छुटकारा मिलेगा। सभी रेहड़ियां चिन्हित जगह पर होगी तो ग्राहक अपने आप वहां पहुंचेगा। आमजन को भी लगा कि इससे शहर का सौंदर्यीकरण भी होगा। अब तक इस सर्वे को सात साल का समय बीत चुका है। प्रशासन अभी तक शहर में इन रजिस्ट्रेशन रेहड़ी संचालकों के लिए जगह चिन्हित नहीं कर पाया है।

### 776 रेहड़ी संचालकों को दो भागों में बांटा

सर्वे में 776 रेहड़ी संचालकों को दो भागों में बांटा गया। इनमें 671 रेहड़ी संचालक वह है, जो एक ही जगह पर सुबह से शाम तक खडे होकर सामान बेचेंगे। वहीं एक से दूसरे निर्धारित जगह पर घूमकर सामान बेचने के लिए 99 मोबाइल रेहड़ी चिन्हित की गई है। यह मोबाइल रेहड़ी स्टेट हाइवे, नेशनल हाइवे व जाम लगने वाले क्षेत्र से दूर रहेगी। स्कूल, कॉलेज व अस्पताल से 75 मीटर दूर, रेलवे ट्रेक से कम से कम 75 मीटर दूरी तय की गई। सर्वे में आरईपीएल कंपनी से अर्बन नवीन कुमार व तुलिका गोपाल नारनौल पहुंचे थे और ईओ अभयसिंह के साथ डीआरडीए कार्यालय के साथ लगती दीवार, रोडवेज कार्यशाला के साथ लगती दीवार, चितवन वाटिका के बाहर, हुडा सेक्टर मोड से संवेदना हॉस्पिटल के आस-पास सड़क किनारे, पुलिस लाइन दीवार, महिला आईटीआई व ब्वाय आईटीआई दीवार के साथ लगती जगह को देखा था। इनमें अभी कोई स्थान फाइनल नहीं हुआ है।



नारनौल। बस स्टैंड के पास सड़क किनारे लगे रेहड़ियां। फोटो : हरिभूमि

### क्या कहते है नोडल अधिकारी

स्ट्रीट वेंडर्स की नोडल अधिकारी अन्नू भारद्वाज ने बताया कि सर्वे के बाद यह स्कीम साल 2020 में शुरू हुई थी। दिसम्बर में रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया बंद हो गई थी। अब करीब 20 दिन से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आरम्भ हुई है। अब तक कितने रजिस्ट्रेशन हुए है, अभी उनके पास डाटा नहीं है। सोमवार या मंगलवार को इस संबंध में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक भी करने का प्लान है। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी होने के बाद शहर में जगह चिन्हित की जाएगी।

### यह तय किए गए है स्ट्रीट वेंडर्स में मापदंड

इस योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर टाउन वेंडिंग कमेटी बनाई गई। निजी कंपनी जगह चिन्हित करने के बाद इस कमेटी को रिपोर्ट देगी। सहमति से जगह चिन्हित होने के बाद मासिक किराया तय किया जाएगा। उस किराया के हिसाब से ही नप परिषद रेहड़ी संचालकों को शौचालय, बिजली, पानी, कूड़ा उठान जैसी सुविधाएं मुहैया करवाएगा। इस तरह रेहड़ी संचालकों को आईकार्ड भी मिलेगा। उसमें फोटो, नाम, पता व मोबाइल नंबर अंकित होगा। कई नियमों के साथ रेहड़ी चालकों के लिए नोटिफिकेशन तैयार किया गया है। स्थाई जगह मिलने के बाद कोई रेहड़ी चालक शहर में कहीं पर भी रेहड़ी लगाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। पहली बार नियम तोड़ने पर एक हजार, दूसरी बार दोगुना व तीसरी बार पांच हजार का जुर्माना लगेगा। चौथी बार नियम तोड़ने पर तीन माह के लिए रेहड़ी नहीं लगाने दी जाएगी। पांचवीं बार नियम का उल्लंघन करने पर हमेशा के लिए वह रेहड़ी नहीं लगा सकेगा। सामान भी जब्त होगा।

## खबर संक्षेप

### 23 वर्षीय युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**मंडी अटेली।** गांव सिलारपुर के लगभग 23 वर्षीय निशांत पुत्र इंद्रजीत ने पारिवारिक समस्या को लेकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक युवक दिल्ली में पढ़ रहा था। मृतक के पिता मेवात में गेस्ट टीचर की नौकरी कर रहा है। इस इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मातम छा गया। ग्रामीणों ने बताया कि उनके परिवार में एक बुजुर्ग महिला की अभी मौत हुई थी। उसके दिन अभी पूरे भी नहीं हुए थे कि उनके परिवार में एक जवान मौत होने से गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है। अटेली पुलिस मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराकर परियोजना को सौंप दिया।

### धर्मबीर बने सरपंच एसो. कनीना के ब्लाक प्रधान

**कनीना।** सरपंच एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता मिंटू सरपंच गोमला ने की। बैठक में सरपंचों ने मंथन कर निजी कारणों से संगठन को समय नहीं पाने वाले सरपंच एसो. के पुराने ब्लाक अध्यक्ष के स्थान पर धर्मबीर सरपंच कोटिया को सरपंच एसोसिएशन का ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस मौके पर विभिन्न गांवों के सरपंच उपस्थित थे।

### इकबालपुर नंगली में नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**नांगल चौधरी।** इकबालपुर नंगली में पांच अक्टूबर को पांचवा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा। जिसमें मरीजों को विभिन्न उपकरण तथा दवाइयां मुफ्त में वितरित की जाएंगी। कैंप में बहरोड़ की मिश्री देवी नेत्र चिकित्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टर सेवाएं देंगे। कमेटी के सदस्य अमर सिंह मेहरानिया व राजकुमार जांगड़ा ने बताया कि कैंप में सुबह आठ बजे से मरीजों का पंजीकरण करना आंरभ किया जाएगा। विभिन्न जांचों की पॉजिटिव रिपोर्ट आने के बाद ऑप्रेशन करना संभव हो पाएगा। इसके बाद आठ बजे हवन कार्यक्रम होगा जिसमें आहूति डालकर विश्व कल्याण की मन्नतें मांगी जाएंगी।

### कोटपूतली में कल होगी गुर्जर महापंचायत

**नारनौल।** गुर्जर कल्याण परिषद ने जिला के गुर्जर समाज के सभी लोगों से पांच अक्टूबर को प्रातः 11 बजे कोटपूतली के पनियाला मोड़ स्थित श्री देवनारायण गोशाला में वीर गुर्जर महापंचायत में भाग लेने का आह्वान किया है। परिषद के प्रधान एडवोकेट कुलदीप भरगढ़ ने बताया कि पांच अक्टूबर को होने जा रही महापंचायत में समाज में व्याप्त सामाजिक बुराईयों जैसे मृत्यु भोज, दहेज प्रथा एवं शादी विवाह जैसी फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों को जड़मूल से खत्म करने पर बुद्धिजीवियों द्वारा विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाज के लोग अपने-अपने गांव से और अपने-अपने साधनों गाड़ी, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर एवं अन्य जो भी साधन उपलब्ध हों, से महापंचायत में पहुंचें और सहयोग भी करें।

### उल्टी तथा जी मिचलाने पर शहर में मचा हड़कंप

# नकाबपोश ने बच्चे को जबरन खिलाई टेबलेट, तबीयत बिगड़ी

*परिजनों ने अस्पताल में कराया भर्ती प्राथमिक उपचार के बाद बच्चा हुआ नॉर्मल*

वारदात को अंजाम देकर आरोपी कोटपूतली रोड की तरफ फरार

*▶▶ दुकानदारों की मदद से बच्चा वापस घर पहुंचा, जहां चिंतित परिजनों ने पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है तथा देर शाम डिस्चार्ज करके घर भेज दिया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

शहर की पटवार घर रास्ते पर अज्ञात बाइक सवारों ने स्कूल जाते बच्चे को जबरदस्ती चॉकलेट नूमा टेबलेट खिला दी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी कोटपूतली रोड की तरफ फरार हो गए। इधर टेबलेट का असर होने पर बच्चे को उल्टी तथा जी मिचलाने की समस्या हो गई। दुकानदारों की मदद से बच्चा वापस घर पहुंचा, जहां चिंतित परिजनों ने पीड़ित को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। प्राथमिक उपचार के बाद पीड़ित पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है तथा देर शाम डिस्चार्ज करके घर भेज दिया है।



नांगल चौधरी। अस्पताल में उपचाराधीन टेबलेट खाया हुआ स्कूली बच्चा। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर वारदात का लिया जायजा

परिजनों ने बताया कि पीड़ित बच्चा अखिलेश कुमार अपनी बहन मुस्कान के साथ सुबह 8:30 बजे स्कूल के लिए रवाना हुआ था। कोटपूतली-नारनौल सड़क को पार कराने के बाद अकेला स्कूल भेज दिया। बच्चा पटवार घर के पास पहुंचा ही था कि सामने से एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश पहुंचे। उन्होंने बच्चे को चॉकलेट नूमा टेबलेट दी, लेकिन बच्चे ने लेने से इंकार कर दिया। इसके बाद नकाबपोश युवकों ने मूंह को खोलकर जबरन टेबलेट खिला दी तथा दोनों युवक कोटपूतली की तरफ भाग गए। इसके बाद पीड़ित बच्चे को उल्टी व जी घबराने की समस्या हो गई। घबराया हुआ बच्चे करीब नौ बजे वापस घर पहुंचा तथा परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन पीड़ित बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तथा चिकित्सक को घटना की जानकारी दी। इसके बाद चिकित्सक स्टॉफ ने तत्परता पूर्वक उपचार की प्रक्रिया आरंभ की, विभिन्न सैंपल लिए गए। एक घंटे उपचार के बाद पीड़ित की स्थिति बिल्कुल नॉर्मल हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर वारदात का जायजा लिया तथा बच्चे से स्कूल संबंधी सवाल पूछे। वारदात के बाद शहर में हड़कंप की स्थिति देखी गई, सैकड़ों लोग अस्पताल पहुंच गए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से संदिग्ध घूमते बाइक सवार व अन्य लोगों की छानबीन करने की गुहार लगाई है। कहा कि बच्चों को किडनेप करके फिरोती मांगने की कई घटना घटित हो चुकी हैं।

### बच्चे की विभिन्न जांच रिपोर्ट नॉर्मल

सीएचसी के एसएमओ एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अशोक कुमार ने बताया कि एक स्कूली बच्चा अस्पताल में आया था। परिजनों ने अज्ञात लोगों द्वारा संदिग्ध वस्तु खिलाने की घटना बताई थी। इसके बाद बच्चे के विभिन्न चेकअप किए तथा उपचार किया गया। स्वास्थ्य नॉर्मल होने के बाद पीड़ति को घर भेज दिया है।

### शिकायत मिलने पर करेंगे जांच

थाना इंचार्ज भगत सिंह ने बताया कि एक स्कूल जाते बच्चे को बाइक सवार युवकों को द्वारा जबरन टेबलेट खिलाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने अस्पताल में एडमिट बच्चे से मिलकर हालचाल जाना है, जिसका स्वास्थ्य अच्छा बताया गया है। परिजनों को लिखित शिकायत के लिए बोला गया था, लेकिन अभी तक मिली नहीं है।

### मौत के कारणों की हो जांच

# परिजनों का आरोप...धीरज ने नहीं की आत्महत्या

***विद्यार्थी धीरज सैनी का शव हॉस्टल में मिला***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



आईआईटी कानपुर में इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे शहर के 22 वर्षीय विद्यार्थी धीरज सैनी का शव हॉस्टल में फंदे पर लटका मिला। शुक्रवार को शव महेंद्रगढ़ पहुंचा, जहां स्वर्ग आश्रम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। हालांकि परिवार वालों ने धीरज की ओर से आत्महत्या करने की बात से इनकार किया है और मौत के कारणों की जांच की मांग की है।

धीरज बुचोली रोड स्थित मोहल्ला शक्कर कुई के रहने वाले थे। उनके पिता सतीश सैनी को एक अक्टूबर को कानपुर आईआईटी से फोन पर घटना की जानकारी मिली थी। धीरज मई महीने में घर आए थे और दिसंबर में वापस आने की बात कहकर गए थे। धीरज के पिता सतीश सैनी हलवाइयों के साथ काम करते हैं, जबकि चाचा संदीप आईटीआई रोड पर फल का ठेला लगाते हैं। परिवार का कहना है कि धीरज इस तरह का कदम नहीं उठा सकता। उनके चाचा संदीप ने बताया कि धीरज पढ़ने में बहुत होशियार था और हमेशा अव्वल नंबर लाता था। धीरज 10वीं व 12वीं में स्कूल टॉपर रहे थे। 10वीं में 93 प्रतिशत व 12वीं में 96 प्रतिशत अंक आए थे। वर्ष 2021-22 में उन्होंने सीकर में कोचिंग ली थी। जिसके बाद 2022-23 में आईआईटी कानपुर में दाखिला लिया था। उनकी आईआईटी की पढ़ाई 2026 में पूरी होनी थी। धीरज का बड़ा भाई नीरज मजदूरी करता है और अविवाहित है, जबकि उनकी एक बहन की शादी हो चुकी है।

### बाबा जयरामदास का जन्मोत्सव कल

**महेंद्रगढ़।** गांव पाली में स्थित बाबा जयरामदास का जन्मोत्सव इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया जाएगा। श्री बाबा जयराम दास सेवा समिति संरक्षक सुनील निम्बेडिया ने बताया कि आज बाबा की ख्याति समस्त भारत में फैली हुई है तथा सभी की मनोकामना पूरी करते हैं। श्री बाबा जयरामदास सेवा समिति व श्री श्याम कृपा मंडल की ओर से बाबा जयरामदास के जन्मोत्सव पर आठवें भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह उत्सव पांच अक्टूबर को दोपहर एक बजे बाबा की ध्वजा यात्रा के साथ प्रारंभ होगा। यह ध्वजा यात्रा अनाज मंडी स्थित मंदिर से प्रारंभ होकर शहर के बालाजी चौक, बस स्टैंड, राव तुलाराम चौक होते हुए बाबा के धाम पाली के लिए रवाना होगी। यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुष बाबा की ध्वजा हाथों में लेकर बाबा को समर्पित करेंगे। यात्रा पाली धाम में तोरण द्वार पर पहुंचेगी तो भक्तों के स्वागत में ड्रोन से पुष्प वर्षा की जाएगी।

## बस चालकों की कमी के चलते यात्री परेशान

**महेंद्रगढ़।** नारनौल डिपो में बस चालकों की भारी कमी के चलते महेंद्रगढ़ क्षेत्र के गांव के रूट बंद हो गए हैं, जिससे विद्यार्थियों व लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सामाजिक संगठनों ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि नारनौल डिपो में बस चालकों की संख्या बढ़ाई जाएं तथा महेंद्रगढ़ में बनकर तैयार खड़ा सब डिपो को भी चालू किया जाएं, जिससे क्षेत्र के गांवों के सभी रूटों पर लोगों को बस सुविधा मिल सके।

क्षेत्र के कई गांव ऐसे है, जिसमें यातायात के कोई साधन नहीं चलते है या चलते है तो वो सुबह–शाम चलते है। जिससे आमजन परेशान आवागमन से परेशान है। सामाजिक कार्यकर्ता रामनिवास पाटोदा ने बताया कि महेंद्रगढ़ से सुबह 5:50 जयपुर के लिए बस सेवा कई दिनों से बंद है। उपचार के लिए जाने वाले यात्रियों परेशानियां आ रही है। वहीं दूसरी चांगरोड़ से जयपुर, कुंड से वाया बवानिया महेंद्रगढ़, अटेली से महेंद्रगढ़ इन रूटों पर यात्री परेशान है। इस रूट की गाड़ियां लंबे समय से बंद है। प्रदेश सरकार व परिवहन मंत्री से मांग की है कि इन रूटों पर बसों का आवागमन सुचारू किया जाए।

## फीस विवाद को लेकर अभिभावकों ने किया प्रदर्शन

**नारनौल।** एक प्राइवेट स्कूल के बाहर फीस विवाद को लेकर अभिभावकों ने प्रदर्शन करते अपनी मांगों से संबंधित डीसी के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। अभिभावकों ने बताया कि एक निजी स्कूल की ओर से वर्ष 2024 में एक योजना शुरू की थी। जिसके तहत बच्चों को केवल दो हजार रुपये में पूरे साल शिक्षा दी जानी थी। इस योजना के अंतर्गत नर्सरी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराए जाने की घोषणा की गई थी। योजना के प्रचार-प्रसार के दौरान स्कूल प्रबंधन ने गांव-गांव जाकर छात्रों का दाखिला किया तथा बताया गया कि केवल एडमिशन फीस ली जाएगी, उसके बाद किसी भी प्रकार की ट्यूशन फीस नहीं ली जाएगी। अभिभावकों का कहना है कि उन्होंने इसी आश्वासन के आधार पर अपने बच्चों का दाखिला करवाया। लेकिन एक अक्टूबर से अचानक प्रबंधन द्वारा फीस जमा कराने का दबाव बनाया जाने लगा। अभिभावकों ने ज्ञापन के माध्यम से समस्या का समाधान करने की मांग की है।

## मोडावाला स्वर्ग आश्रम का संचालन राजेंद्र की देखरेख में हो रहा: प्रधान

***लावारिस शवों के लिए लकड़ी की व्यवस्था नि:शुल्क***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के रेवाड़ी रोड स्थित मोडावाला श्मशान घाट की स्वर्ग आश्रम सेवा समिति के प्रधान रतनलाल अग्रवाल उर्फ चिम्मन सेठ ने प्रेस को जारी ब्यान में बताया कि यह स्वर्ग आश्रम वर्ष 2000 से स्वर्ग आश्रम सेवा समिति नारनौल का संचालन राजेंद्र कुमार की देखरेख में हो रहा है, जिसकी साफ-सफाई, लकड़ी आदि की व्यवस्था वर्ष 1993–94 से लकड़ी लाने का परमिट हरियाणा सरकार द्वारा जारी किया गया था, जिसके बाद वर्ष 2001 में अशोक बोहरा को स्वर्ग आश्रम सेवा समिति का प्रधान नियुक्त किया गया। तबसे लेकर आज तक अशोक बोहरा की देखरेख में शीतल जल की प्याऊ, चारदीवारी का निर्माण, लकड़ी के लिए हाल की व्यवस्था, बैठने के लिए उचित व्यवस्था, मुख्य द्वार का निर्माण, पार्क-बगीचे की व्यवस्था, लाइट, दाह संस्कार के लिए चबूतरे व टीनशेड का कार्य और अन्य कार्य शहरवासियों की सहायता से अशोक बोहरा की देखरेख में इस स्वर्ग आश्रम सेवा समिति में किया गया, जिसके चलते 25 वर्षों से गरीब लोगों एवं नगर परिषद द्वारा लावारिस शवों के लिए लकड़ी व्यवस्था निःशुल्क की गई थी, जिसमें स्वर्ग आश्रम सेवा समिति की अध्यक्षता अशोक बोहरा के सानिध्य में नवनियुक्त प्रधान रतनलाल अग्रवाल उर्फ चिम्मन सेठ को नियुक्त किया गया।

### डेंगू और मलेरिया का खतरा

### विभाग की ओर से इस वर्ष 22 लाख से अधिक घरों की हुई जांच

एक लाख से अधिक रक्त पट्टिकाओं की हुई जांच

# जिले में 35 डेंगू व मलेरिया के 2 केस 3308 लोगों को नोटिस किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में डेंगू और मलेरिया का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। बरसात के बाद सितंबर माह में डेंगू के केस में बढोत्तरी हुई। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के 35 केस और मलेरिया के दो मरीज सामने आ चुके हैं। जबकि सितंबर माह की शुरूआत में जिला में 23 डेंगू के केस थे। स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार फील्ड में काम कर रही हैं। अब तक 22 लाख घरों की जांच पूरी की जा चुकी है। विभाग ने नियमों की अवहेलना करने वाले 3308 घर मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। डेंगू व मलेरिया की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर रक्त परीक्षण भी किया जा रहा है। विभाग के अनुसार अब तक करीब एक लाख रक्त पट्टिकाओं की जांच की जा चुकी है। इनमें से कुछ मामलों में डेंगू व मलेरिया की पुष्टि हुई है। विभाग का कहना है कि हर संदिग्ध मरीज की पूरी जांच कराई जा रही है, ताकि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।




### स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट

डेंगू व मलेरिया पर अंकुश लगाने के लिए सरकार और स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सक्रिय हैं। जब तक आमजन खुद सतर्क नहीं होंगे तब तक इस खतरे से पूरी तरह निजात पाना मुश्किल है। जिला प्रशासन ने भी सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए हैं कि सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। पंचायतों को नियमित फॉगिंग, नालियों की सफाई और जगह-जगह जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन बातों का रखे ध्यान

- घर और आसपास पानी न जमने दें।
- हर हफ्ते कूलर और पानी की टंकी को साफ करें।
- मच्छरदानी का प्रयोग करें और शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।
- लार्वा या मच्छरों की अधिकता दिखने पर तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचित करें।

### जागरूकता ही बचाव

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि डेंगू व मलेरिया पर नियंत्रण के लिए सबसे जरूरी है कि लोग स्वयं जागरूक रहें। पानी जमा होने से मच्छरों के लार्वा तेजी से पनपते हैं। यदि घरों में कूलर, टंकी, गमले, फ्रिज की ट्रे या अन्य किसी जगह पानी जमा रहता है, तो उसमें मच्छर पैदा हो सकते हैं। डेंगू के लक्षणों में अचानक तेज बुखार, सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, शरीर व जोड़ों में दर्द, त्वचा पर लाल दाने और उल्टी शामिल हैं। वहीं मलेरिया में बुखार के साथ ठंड लगना, पसीना आना और कमजोरी महसूस होना प्रमुख लक्षण हैं। डॉक्टरों का कहना है कि ऐसे लक्षण दिखते ही तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करना चाहिए।



तोते और मॉकिंगबर्ड जैसे पक्षी इंसानों की बातों या अन्य आवाजों की नकल कर सकते हैं।



हमिंगबर्ड एकमात्र ऐसा पक्षी है जो पीछे की ओर उड़ सकता है।

# ग्राफिक डिजाइनर बन चमकाएं अपना करियर



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

विद्यार्थी जीवन से ही व्यक्ति को अपने करियर को लेकर चिंता सताने शुरू हो जाती है। हर विद्यार्थी अपने भविष्य को सुरक्षित और उच्च पद पर नौकरी हासिल करके सवारना चाहता है। व्यक्ति के लिए नौकरी हासिल करने की एक इच्छा होती है। वर्तमान समय में लोगों के सामने कैरियर बनाने की बहुत सारे अवसर उपलब्ध होते हैं। करियर बनाने के लिए व्यक्ति अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी रुचि के अनुसार प्रयास करते हुए बेहतरीन करियर बना सकता है। डिजाइन बनने का एक सुनहरा मौका आज के समय में विद्यार्थियों के लिए काफी प्रचलित करियर ऑप्शन माना जाता है।

## क्या है ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक और कला के क्षेत्र में डिजाइन और टाइपोग्राफी का काम करने वाला व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर कहलाता है और यह कला क्लासिक डिजाइनिंग चलाती है। एक ग्राफिक डिजाइनर मुख्य तौर पर इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से और इलेक्ट्रोनिक प्रिंट के माध्यम से विज्ञापन के ग्राफिक बनाने का काम करते हैं। ग्राफिक डिजाइनर जो यूजर इंटरफेस और डिजाइनिंग का भी काम संभालने अपनी भूमिका निभाते हैं। ग्राफिक डिजाइनर आज के समय में भविष्य के लिए एक जबरदस्त उभरता हुआ कैरियर का ऑप्शन माना जाता है। ग्राफिक डिजाइनर बनकर विद्यार्थी अपने भविष्य को संभाल सकता है और आज के डिजिटल दौर में ग्राफिक डिजाइनर की पूछ दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ग्राफिक डिजाइनर कि जिस प्रकार से जरूरत बढ़ती जा रही है। उस आधार पर हर व्यक्ति ग्राफिक डिजाइनर बनकर अपने भविष्य को बेहतर तरीके से सुरक्षित कर सकता है।

**ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार :** ग्राफिक डिजाइनर और जस्टिस डिजाइनिंग का एक क्षेत्र बहुत ही बड़ा है और इसमें अलग-अलग क्षेत्र में उम्मीदवार अपनी इच्छा के अनुसार पढ़ाई कर सकता है और नौकरी हासिल कर सकता है। विद्यार्थी को जिस क्षेत्र में रुचि है। उसी क्षेत्र में विद्यार्थी को ग्राफिक डिजाइनर के सब्जेक्ट का चयन करते हुए डिग्री हासिल करनी चाहिए ग्राफिक डिजाइनर के प्रकार नीचे कुछ इस प्रकार से दिए गए हैं। -पैकेजिंग डिजाइनर, वेब और मोबाइल डिजाइनर, लेआउट और प्रिंट डिजाइनर, ब्रांड और लोगो डिजाइनर।

## क्या चाहिए योग्यता और स्किल

जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनना चाहता है। उस उम्मीदवार को टाइम मैनेजमेंट का एक मुख्य ध्यान रखना होता है। टाइम मैनेजमेंट के अनुसार विद्यार्थी या किसी ग्राफिक डिजाइनर को अपने प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करना। जो उम्मीदवार ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए सपना देख रहा है। उस उम्मीदवार के पास एक कम्युनिकेशन स्किल्स होना बहुत ज्यादा जरूरी है। इसके माध्यम से उम्मीदवार अपने ग्राहक के साथ प्रोजेक्ट के बारे में अच्छी तरह से बात कर सकता है और उन्हें प्रोजेक्ट को अच्छी तरह से प्रजेंट टेंशन के जरिए समझा सकता है। इसके लिए उम्मीदवार के पास कम्युनिकेशन स्किल होना बहुत ही ज्यादा जरूरी है। ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए कई प्रकार के डिप्लोमा और डिग्री कोर्स लेने होते हैं और उसके लिए उम्मीदवार को न्यूनतम शैक्षणिक योगिता के तौर पर 12वीं कक्षा 60 प्रतिशत अंक के साथ पास होना जरूरी है।

**ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर कोर्स :** 12वीं कक्षा पास करने के बाद जो उम्मीदवार बैचलर डिग्री ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए करना चाहता है। उन उम्मीदवारों के लिए ग्राफिक डिजाइनर के बैचलर को कोर्स नीचे दिए गए हैं।

- बीएफए इन ग्राफिक डिजाइन
- बी डेस इन ग्राफिक डिजाइन
- बीएससी इन डाटा विजवुएलाइजेशन
- बीए ग्राफिक डिजाइन
- बीए (ऑनर्स) इन ग्राफिक एंड कम्यूनिकेशन डिजाइन

## ऐसे बन सकते हैं ग्राफिक डिजाइनर

ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए उम्मीदवार को नीचे दिए गए निम्नलिखित चलो को फॉलो करना चाहिए। इन चरणों को फोलो करते हुए विद्यार्थी आसानी से ग्राफिक डिजाइनर बन सकता है।

- सर्वप्रथम उम्मीदवार को दसवीं कक्षा के बाद 12वीं कक्षा पास करनी होगी। 12वीं कक्षा में न्यूनतम 60% अंक होना अनिवार्य है।
- अब उम्मीदवार को यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर जाकर एंट्रेंस एग्जाम में आवेदन करना होगा। एंट्रेंस एग्जाम की परीक्षा पास करने के पश्चात आपको कॉलेज मिल जाएगा।
- कॉलेज मिल जाने के बाद डिप्लोमा या डिग्री कोर्स के लिए निर्धारित समय अवधि तक पढ़ाई करते हुए आपको अपनी डिग्री या डिप्लोमा का कोर्स हासिल करना है।
- डिग्री करते समय आपको ग्राफिक डिजाइनर के सिद्धांत को सीखना होगा और ग्राफिक डिजाइनर के सभी सिलेबस को ढंग से पढ़ते हुए डिग्री पास करनी है।
- ग्राफिक डिजाइनर का सही कोर्ट आपको डिग्री लेते समय चयन करना चाहिए। ताकि भविष्य में आपको कोई भी दिक्कत का सामना ना करना पड़े।
- ग्राफिक डिजाइन के पुल के बारे में जानकारी अवश्य जी के सॉफ्टवेयर टूल के माध्यम से आपको बेहतर लेवल की नौकरी आसानी से मिल जाएगी।
- ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आपको पोर्टफोलियो की प्रैक्टिस करनी चाहिए और आपको अपने स्किल्स को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**डिप्लोमा कोर्स : ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए आप बैचलर डिग्री या मास्टर डिग्री लेने के अलावा डिप्लोमा कोर्स लेकर भी ग्राफिक डिजाइनर बन सकते हैं।**

- डिप्लोमा इन वेब एंड ग्राफिक डिजाइनिंग
- सर्टिफिकेट इन आर्ट एंड डिजाइन
- सर्टिफिकेट इन ग्राफिक एंड वेब डिवलपमेंट
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन ग्राफिक डिजाइनिंग
- ग्रेजुएट सर्टिफिकेट इन इनफोरमेंशन डिजाइनिंग

**टॉप कॉलेज :** भारत में बहुत सारे कॉलेज उपलब्ध है जो आपको ग्राफिक डिजाइनर बनने का मौका देते हैं। लेकिन भारत के टॉप यूनिवर्सिटी की बात की जाए तो भारत की टॉप यूनिवर्सिटी की सूची हम आपको नीचे प्रदान करवा रहे हैं :

**वर्ल्ड यूनिवर्सिटी ऑफ डिजाइन**
**राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान**
**आर्क कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस**
**प्रशांत विद्यालय**
**राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान**

## बैचलर ऑफ साइंस तीन साल की एक स्नातक डिग्री

# बीएससी के बाद सरकारी के साथ निजी क्षेत्रों में भी अपार संभावनाएं

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बैचलर ऑफ साइंस (बीएससी) तीन वर्षों की एक स्नातक डिग्री है, इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को विज्ञान विषयों की गहन जानकारी देना, उन्हें विश्लेषणात्मक एवं तार्किक दृष्टिकोण से सक्षम बनाना है। इस पाठ्यक्रम में गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, कंप्यूटर साइंस, पर्यावरण विज्ञान, सांख्यिकी जैसे विषयों का अध्ययन कराया जाता है। बीएससी के बाद सरकारी और निजी क्षेत्र में करियर संवारने की अपार संभावनाएं हैं। यह डिग्री करने के बाद छात्र अपने भविष्य को खूब चमका सकते हैं। इन विषयों का वास्तविक जीवन में अत्यंत महत्व है, जैसे भौतिकी इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी, रसायन विज्ञान औषधि, उद्योग, जीव विज्ञान, स्वास्थ्य, कृषि क्षेत्र, गणित, कंप्यूटर साइंस, डेटा साइंस और आईटी क्षेत्र में उपयोग किए जाते हैं। वहीं बीएससी (ऑनर्स) में छात्रों को किसी एक विशेष विषय में गहन अध्ययन और विशेषज्ञता प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें शोध, शिक्षण और व्यावसायिक क्षेत्र में बेहतर अवसर मिलते हैं। बीएससी और बीएससी (ऑनर्स) के अंतर्गत कई विषयों में विशेषज्ञता उपलब्ध हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि छात्र बीएससी करने के बाद कैसे अपना भविष्य संवार सकते हैं।

### बी.एससी. डिग्रीधारी निम्नलिखित सामान्य प्रोफाइल में भी नौकरी पा सकते हैं (भले ही उनका स्पेशलाइजेशन कोई भी हो)

- डिजिटल मार्केटिंग ट्रेनी
- ग्राहक सेवा कार्यकारी
- मानव संसाधन सहायक
- प्रशासनिक सहायक
- बिज़नेस डेवलपमेंट ट्रेनी
- शिक्षा व ट्यूटोरियल सेवाओं में विषय विशेषज्ञ

### गणित व सांख्यिकी आधारित भूमिकाएं

- एक्चुअरियल असिस्टेंट
- बैंकिंग डाटा प्रोसेसिंग अधिकारी
- रिस्क एनालिस्ट

## छात्रों को विज्ञान विषयों की जानकारी देना उद्देश्य



### काउंसलर से लें सलाह

बी.एससी. केवल एक डिग्री नहीं बल्कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण, आधुनिक कौशल और वैश्विक अवसरों का अद्वितीय संगम है। यदि छात्र अपने विषय को गंभीरता से समझें, आवश्यक स्किल्स विकसित करें और सही करियर पथ चुनें, तो वे निजी क्षेत्र की प्रतिस्पर्धा, सरकारी क्षेत्र की स्थिरता और उच्च शिक्षा की प्रतिष्ठा,तीनों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**सुझाव:** किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह जरूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विजिट कर सकते हैं।

### वास्तविक जीवन में ऐसे अनुप्रयोग

- भौतिकी (फिजिक्स) – तकनीकी आविष्कार, इलेक्ट्रॉनिक्स, ऊर्जा उत्पादन और अंतरिक्ष अनुसंधान में उपयोगी।
- रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) – दवा निर्माण, पर्यावरण संरक्षण, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण उद्योग में आवश्यक।
- गणित (मैथमेटिक्स) – आंकड़ा विश्लेषण, वित्त, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और शोध क्षेत्रों में अहम भूमिका।
- जीवविज्ञान (बायोलॉजी) – स्वास्थ्य, जैव प्रौद्योगिकी, कृषि और चिकित्सा अनुसंधान में योगदान।
- वनस्पति विज्ञान (बॉटनी) – औषधीय पौधों, कृषि विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी।
- प्राणी विज्ञान (जूलॉजी) – पशु विज्ञान, वन्यजीव संरक्षण और अनुसंधान क्षेत्रों में महत्वपूर्ण।
- कंप्यूटर विज्ञान – सॉफ्टवेयर विकास, साइबर सुरक्षा, आंकड़ा विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का आधार।
- जैव प्रौद्योगिकी (बायोटेक्नोलॉजी) – आनुवंशिक अभियांत्रिकी, स्वास्थ्य, नैदानिक शोध और कृषि में क्रांति।
- पर्यावरण विज्ञान – जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण नियंत्रण और सतत विकास में अहम योगदान।

***(नोट : इन विषयों के अध्ययन से छात्रों को न केवल वैज्ञानिक ज्ञान मिलता है, बल्कि वे समाज, उद्योग और तकनीक के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं।)***

### इंडस्ट्री स्किल्स की भूमिका

बीएससी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि एक मजबूत आधार देती है, लेकिन केवल डिग्री पर्याप्त नहीं होती। आज की प्रतिस्पर्धात्मक दुनिया में छात्रों को व्यावहारिक और तकनीकी कौशल भी विकसित करने होते हैं। ऐसे कई कौशल हैं जो छात्रों के करियर को मजबूती प्रदान करते हैं। इनमें ये कुछ प्रमुख हैं।

- समस्या समाधान और विश्लेषणात्मक क्षमता
- कंप्यूटर एवं डिजिटल दक्षता (प्रोग्रामिंग, डाटा एनालिसिस)
- लैब स्किल्स और रिसर्च मेथडोलॉजी
- संचार एवं प्रस्तुतीकरण कौशल
- टीमवर्क और नेतृत्व क्षमता
- समय प्रबंधन और कार्य अनुशासन

### निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी स्नातक निजी क्षेत्र में असीमित अवसरों और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी करियर संभावनाओं के द्वार खोलते हैं। आधुनिक उद्योग जगत को अनुसंधान,आधारित, तकनीकी दक्ष और नवाचारशील युवाओं की आवश्यकता है, जहां बी.एससी. डिग्रीधारी अपनी प्रतिभा से अग्रणी स्थान बना सकते हैं। निम्नलिखित नौकरी प्रोफाइल विशेष रूप से बीएससी विशेषज्ञताओं से संबंधित हैं।

#### विज्ञान व शोध आधारित क्षेत्र

- लैब असिस्टेंट
- रिसर्च एसोसिएट
- क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट
- फार्मास्यूटिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव

**आईटी एवं कंप्यूटर साइंस**

- डाटा एनालिस्ट
- सॉफ्टवेयर टेस्टिंग असिस्टेंट
- नेटवर्क सपोर्ट असिस्टेंट
- वेब डिज़ाइन सहायक

#### यह हो सकता है वेतनमान (निजी क्षेत्र)

**फ्रेशर** : 2.5 लाख से 4.5 लाख प्रतिवर्ष
**अनुभवयुक्त** (5,10 वर्ष): 6 लाख से 15 लाख प्रतिवर्ष (आईटी, रिसर्च और कॉर्पोरेट सेक्टर में इससे भी अधिक)

### सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

बीएससी पृष्ठभूमि वाले छात्र प्रशासनिक सेवाओं से लेकर तकनीकी अनुसंधान तक अनेक प्रतिष्ठित भूमिकाओं में अपना भविष्य संवार सकते हैं।

**बैंकिंग एवं बीमा क्षेत्र**

- एसबीआई प्रोबेशनरी ऑफिसर/क्लर्क, आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर/ क्लर्क, आरआरबी ऑफिस असिस्टेंट, एलआईसी असिस्टेंट/ अकाउंट ऑफिसर

**यूपीएससी एवं राज्य सेवाएं**

- आईएएस, आईपीएस, आईएफएस, आईआरएस, राज्य लोक सेवा आयोग अधिकारी

**कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी)**

- वैज्ञानिक सहायक, प्रयोगशाला सहायक, सांख्यिकीय अन्वेषक, टैक्स असिस्टेंट

**भारतीय रेलवे**

- तकनीकी सहायक, जूनियर इंजीनियर (साइंस बैकग्राउंड)

**रक्षा सेवाएं**

- तकनीकी अधिकारी, आर्मी एजुकेशन कोर अधिकारी, वैज्ञानिक अधिकारी, लेफ्टिनेंट, आर्मी एजुकेशन कोर अफसर, अकाउंट अफसर, एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, लोजिस्टिक्स सप्लाई अफसर, टेरीटोरियल आर्मी अफसर

**अन्य विभाग :**

- डाक विभाग: पोस्टल असिस्टेंट, सॉर्टिंग असिस्टेंट, स्वास्थ्य विभाग: लैब तकनीशियन, अनुसंधान सहायक

**आय सीमा (सरकारी क्षेत्र)**

**फ्रेशर**: 3 लाख से 6 लाख रुपये प्रतिवर्ष (पे लेवल 4–6 की सरकारी नौकरियों में)

**अनुभवयुक्त/वरिष्ठ पद**: 8 लाख से 18 लाख रुपये प्रतिवर्ष **(यूपीएससी व राज्य सेवाओं में और भी अधिक)**

**उच्च अध्ययन के विकल्प**

बीएससी के बाद छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर अपनी विशेषज्ञता को और गहराई दे सकते हैं। उच्च शिक्षा न केवल करियर को नई ऊँचाइयाँ प्रदान करती है, बल्कि शोध और नवाचार की दुनिया में प्रवेश का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

**निम्नलिखित प्रमुख पाठ्यक्रम विकल्प उपलब्ध हैं।**

**पाठ्यक्रम विवरण : -**

एम.एससी. चुने गए विषय में उच्च अध्ययन व शोध के लिए

- एम.सी.ए. कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी क्षेत्र के लिए
- एम.बी.ए. प्रबंधन और कॉर्पोरेट नेतृत्व पदों के लिए
- बी.एड. शिक्षा व अध्यापन के क्षेत्र में करियर हेतु
- पीएच.डी. अनुसंधान और विश्वविद्यालय स्तर पर अध्यापन हेतु
- एम.टेक. (साइंस बेस्ड शाखाओं में) विशेष तकनीकी क्षेत्रों में विशेषज्ञता हेतु

# सोशल मीडिया केवल मनोरंजन नहीं सीखने और आगे बढ़ने का भी माध्यम



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

सोशल मीडिया आज हमारी ज़िंदगी का एक अभिन्न हिस्सा बन चुका है। यह केवल मनोरंजन या संवाद का जरिया नहीं है, बल्कि सीखने, बढ़ने और खुद को नया स्वरूप देने का भी प्रभावशाली माध्यम है। लेकिन अक्सर यही सोशल मीडिया तनाव, चिंता और आत्म-संदेह का बड़ा कारण भी बन जाता है। जरूरत है कि हम इसे सही दृष्टिकोण और सकारात्मक दृष्टि से देखें ताकि यह हमारे लिए सीखने का साधन बने, न कि तनाव का कारण।

**सोशल मीडिया : अवसरों का विश्व**

सोशल मीडिया हमें दुनिया भर की जानकारी देने का सबसे तेज़ और सुलभ माध्यम है। यहां आपको नई तकनीकों, विज्ञान, कला, साहित्य और जीवन कौशल के असीम अवसर मिलते हैं।

## गलत इस्तेमाल करने से बढ़ रहा तनाव

सोशल मीडिया से हजारों विषयों पर विशेषज्ञों, शिक्षकों और प्रेरक वक्ताओं की सामग्री आसानी से देखी और समझी जा सकती है। छात्र हो या पेशेवर, हर व्यक्ति सही सामग्री का चयन करके अपने ज्ञान को कई गुना बढ़ा सकता है। सोशल मीडिया पर एक सकारात्मक नजरिए से चुनी गई सामग्री पढ़ना और सुनना आपके लिए किसी मुफ्त डिजिटल विश्वविद्यालय से कम नहीं है।

**तनाव क्यों बनता है सोशल मीडिया :** सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल करते समय हम अक्सर दूसरों की ज़िंदगी से अपनी तुलना करने लगते हैं।

- हर पल पोस्ट की जाने वाली परफेक्ट तस्वीरें हमें यह गलतफहमी देती हैं कि बाकी सबकी ज़िंदगी हमसे बेहतर है।
- बेवजह स्क्रॉलिंग समय की बर्बादी भी करती है, और जब हम काम पूरे नहीं कर पाते तो तनाव और अपराधबोध बढ़ जाता है।
- लगातार लाइक्स और कमेंट्स की गिनती करना आत्म-सम्मान को दूसरों की राय से जोड़ देता है।

सोशल मीडिया अपने मूल रूप में तो जानकारी और अवसरों से भरा हुआ है, लेकिन इसके गलत उपयोग या असंतुलित प्रयोग से यह हमारे लिए चिंता और मानसिक दबाव का कारण बन सकता है।

**कारणों की व्याख्या :** तुलना की आदत: लोग दूसरों की "परफेक्ट" ज़िंदगी देखकर अपनी वास्तविक ज़िंदगी से तुलना करते हैं। यह हीनभावना और चिंता पैदा करता है।

**मान्यता की तलाश:** पोस्ट पर मिले लाइक्स और कमेंट्स से आत्म-सम्मान को जोड़ लेना मानसिक दबाव बढ़ा देता है।

**समय की बर्बादी:** जरूरत से ज़्यादा स्क्रॉलिंग करने से पढ़ाई, काम या व्यक्तिगत जिम्मेदारियां अधूरी रह जाती हैं, जिससे तनाव होता है।

**सूचना का बोझ:** बहुत अधिक और कभी-कभी नकारात्मक या विरोधाभासी जानकारी मानसिक रूप से भारी लगने लगती है।

इसलिए, भले ही सोशल मीडिया ज्ञान और अवसरों का ₹सागर₹ है, उसका गलत या असंतुलित इस्तेमाल हमें मानसीक शांति और आत्म-संतुलन से दूर कर देता है। सोशल मीडिया को सीखने का साधन बनाने के लिए हमें सजगता और आत्म-नियंत्रण की आदत डालनी होगी। रोज़ानास्क्रॉलिंग या देखने के लिए निश्चित समय तय करें। केवल उन अकाउंट्स को फॉलो करें जो आपकी सोच को सकारात्मक और ज्ञानवर्धक दिशा में ले जाएं।

## सोशल मीडिया एक दर्पण है

- तुलना करने के बजाय दूसरों की उपलब्धियों को प्रेरणा मानें।
- कोई नई भाषा, कला, तकनीक या जीवन कौशल सीखने के लिए सोशल मीडिया पर बने प्रामाणिक चैनल और पेज चुनें।

**जीवन में सकारात्मक बदलाव**

अगर हम सही तरीके से इसका उपयोग करें तो सोशल मीडिया हमें आत्म-विकास की राह दिखा सकता है। यह हमें विविध संस्कृतियों, नई जीवनशैलियों और अनगिनत विचारों से परिचित कराता है। प्रेरणादायी कहानियां और सफलता के अनुभव हमारे लिए प्रोत्साहन का कार्य करते हैं। यह नेटवर्किंग और सहयोग के अवसर भी देता है, जो व्यक्तिगत और पेशेवर विकास दोनों में लाभकारी हैं। सोशल मीडिया एक दर्पण है, उसमें वही झलकता है जिस पर हम अपना ध्यान केंद्रित करते हैं। अगर हम इसे केवल मनोरंजन और तुलना का मंच बनाएंगे तो तनाव और असंतोष ही मिलेगा। लेकिन अगर हम इसे सीखने और आत्म-विकास का मंच बनाएँगे तो यह हमारे स्वप्नों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**आइए, सोशल मीडिया को ज्ञान का साधन बनाएं, तनाव का कारण नहीं।**

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्नलिखित में से वह सागर कौन - सा है, जो भू-बद्ध है ?
(ए) लाल सागर
(बी) तिमोर सागर
(सी) उतरी सागर
(डी) अरल सागर

**2.** अफ्रीका महाद्वीप की सबसे बड़ी झील है -
(ए) विक्टोरिया
(बी) न्यासा
(सी) टंगानिका
(डी) चाड

**3.** निम्नलिखित में से कौन - सा युग्म गलत है ?
(ए) ग्रेट बीयर - कनाडा
(बी) मिशिगन - अमेरिका
(सी) ओनेगा - ऑस्ट्रेलिया
(डी) टिटिकाका - पेरू-बोलीविया

**4.** निम्नलिखित में से कौन ईरान की सीमा को स्पर्श करता है ?
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) अरल सागर
(सी) बाल्खश झील
(डी) बैकाल झील

**5.** निम्नलिखित में से किसको 'पर्ल ऑफ़ साइबेरिया' कहा जाता है ?
(ए) बैकाल झील
(बी) ग्रेट वीयर झील
(सी) करदा झील
(डी) लिंकनबर झील

**6.** किस देश की सीमा कैस्पियन झील से नहीं मिलती है ?
(ए) अजरबैजान
(बी) रूस
(सी) यूक्रेन
(डी) तुर्कमेनिस्तान

**7.** टाल्ले सेप नाम झील निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?
(ए) थाईलैंड
(बी) कम्बोडिया
(सी) इंडोनेशिया
(डी) लाओस

**8.** पृथ्वी पर सबसे गहरा स्थल है -
(ए) कैस्पियन सागर
(बी) काला सागर
(सी) मृत सागर
(डी) एजियन सागर

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(सी) 4.(ए) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(सी)

## खबर संक्षेप



### युवा साथी ग्रुप के टिंकू प्रधान को किया सम्मानित

**नारनौल।** श्री आदर्श सनातन धर्म ड्रामेटिकल क्लब नारनौल द्वारा दशहरे के पावन अवसर पर आयोजित रामलीला मंचन के सफल आयोजन के बीच शोभा सागर पर एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान देने वाले युवा साथी ग्रुप हरियाणा के टिंकू प्रधान को क्लब द्वारा सम्मानित किया गया। यह सम्मान टिंकू प्रधान और उनके ग्रुप के जनकल्याणकारी कार्यों को प्रोत्साहित करने की दिशा में क्लब की एक पहल है। सम्मान ग्रहण करने के पश्चात टिंकू प्रधान ने समस्त क्लब ट्रस्ट का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

### खैरानी मोड़ पर पकड़ी शराब, आरोपित काबू

**मंडी अटेली।** क्षेत्र के खैरानी मोड़ पर अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने शराब सहित काबू किया है। पुलिस ने इस संदर्भ में आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई कर रही है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि खैरानी मोड़ एक व्यक्ति अवैध शराब रखकर बिक्री कर रहा है, जिस पर पुलिस टीम से एएसआई संदीप, सिपाही सौरव, शशिकांत ने रेड के लिए टीम तैयार करके मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर छापेमारी की। पुलिस ने सबसे पहले आरोपित को काबू किया। इसके बाद पुलिस ने मौके से 24 पव्वे, चार बोतल, सात अद्धा देसी पव्वे बरामद किए। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने खुद का नाम खैरानी निवासी सनीम बताया है। शराब बिक्री का लाइसेंस नही होने पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू की।

### जनहित के बढ़िया काम कर रही नायब सरकार

**नारनौल।** भाजपा के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर जि में हाल ही में आई बारिश व तूफान से प्रभावित किसानों की खराब फसल के मुआवजे व उनकी खरीद से जुड़े मुद्दों को विस्तार से रखा। जिला अध्यक्ष ने बाजरे की खरीद के विषय पर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सभी मंडियों में बाजरे की खरीद जल्द शुरू कराई। जिला अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री के समक्ष जिला में चल रही विभिन्न विकास परियोजनाओं पर भी चर्चा की। यतेंद्र राव ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह संवेदनशील व जनसेवा के प्रति समर्पित रवैया प्रशंसनीय है तथा सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार जनहित में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। यहीं कार्यशैली जनता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाती हैं।



महेंद्रगढ़। सूबेसिंह का स्वागत करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सीआरपीएफ से सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर का किया स्वागत

**महेंद्रगढ़।** गांव सिसोठ की टेकचंद ढाणी निवासी सूबेसिंह यादव केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में 40 साल की सेवा के उपरांत गुरुग्राम से सेवानिवृत्त होकर देर शाम अपने निवास स्थान सिसोठ पहुंचे है। वह सीआरपीएफ में निरीक्षक के पद पर नियुक्त थे। उनकी सेवानिवृत्ति पर उन्हें सम्मानित करने के लिए सीआरपीएफ के महानिदेशक परम शिव भी अपने 20 जवानों के साथ उनके निवास स्थान सिसोठ की ढाणी पहुंचे। वहां पहुचने पर गांव के लोगों ने उनका फूलमाला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर सरपंच वीरेंद्र कुमार, सूरत सिंह चेयरमैन, कन्हैयालाल, धर्मपाल, मंगलराम, धर्मचंद, पप्पू, अमीलाल, रामकिशन, सीताराम आदि उपस्थित रहे।

माता लक्ष्मी शरद पूर्णिमा की रात को धरती पर आती हैं

# छह को मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा चंद्रमा की किरणें बरसाएगी अमृत

जो लोग शरद पूर्णिमा की रात को जागते हुए पूजा-पाठ करते हैं, देवी लक्ष्मी उनसे प्रसन्न होती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हर साल आश्विन माह में आने वाली पूर्णिमा को शरद पूर्णिमा मनाई जाती है। इस दिन मां लक्ष्मी व भगवान विष्णु की विशेष रूप पूजा करने का विधान है। ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि आश्विन पूर्णिमा तिथि में जिस दिन चंद्रमा उदित होता है, उसी दिन शरद पूर्णिमा को मनाते हैं। आश्विन पूर्णिमा इस बार छह अक्टूबर को दोपहर 12:23 बजे से शुरू होगी और सात अक्टूबर को सुबह 9:16 बजे तक रहेगी। पूर्णिमा का चंद्रोदय छह अक्टूबर को शाम 5:31 बजे पर होगा। इस कारण छह अक्टूबर सोमवार को शरद पूर्णिमा मनाई जाएगी और व्रत किया जाएगा। शरद पूर्णिमा को कोजागरी पूर्णिमा भी कहा जाता है। मान्यताओं के अनुसार माता लक्ष्मी शरद पूर्णिमा की रात को धरती पर आती हैं और घर-घर जाकर यह देखती है की कौन-कौन जाग रहा है। इसलिए सभी को शरद पूर्णिमा की रात को जागकर देवी लक्ष्मी की आराधना करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जो लोग शरद पूर्णिमा की रात को जागते हुए पूजा-पाठ करते हैं, देवी लक्ष्मी उनसे प्रसन्न होती है तथा धन और सुख समृद्धि प्रदान करती है। श्री सूक्त के पाठ लाभकारी शरद पूर्णिमा की रात को घी का दीपक लगाकर लक्ष्मी माता को खीर का भोग लगाना चाहिए। आर्थिक स्थिति ठीक करने धन प्राप्ति के लिए श्री सूक्त के पाठ करने चाहिए। इससे माता लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है और धन संबन्धित समस्या दूर होती है।

### शरद पूर्णिमा को चंद्रमा की रोशनी में रखी जाती



भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा से अमृत की वर्षा होती हैं। इस रात चंद्रमा अपनी 16 कलाओं के साथ पूर्ण होता है और उसकी किरणें अमृतमयी तथा औषधीय गुणों से युक्त होती हैं। इस रात आकाश से अमृत की बूंदें बरसती है, जो सभी जीवों के लिए लाभकारी होती हैं। इसलिए रात भर चांद की रोशनी में खुले आसमान के नीचे खीर रखी जाती है। अगले दिन मां लक्ष्मी को भोग लगाकर उस खीर को खाते है और प्रसाद के रूप में बांटते है। चंद्रमा की किरणों से प्रभावित इस

### शरद पूर्णिमा का महत्व

आश्विन पूर्णिमा यानि शरद पूर्णिमा को देवों के चतुर्मास का अंतिम चरण होता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन मां लक्ष्मी का जन्म हुआ था। इसलिए धन-वृद्धि, आयु आरोग्य, सुख समृद्धि की प्राप्ति के लिए आज के दिन माता लक्ष्मी की विशेष रूप से पूजा अर्चना की जाती है।



### रामचंद्र मेमोरियल स्कूल में पौधरोपण

**महेंद्रगढ़।** रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल कनीना में केयर मोटिव इंडिया ट्रस्ट के तत्वावधान में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ट्रस्ट के पदाधिकारी, विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, विद्यार्थी व स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में सैकड़ों छायादार, फलदार और औषधीय पौधों का रोपण किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष रोशन लाल यादव ने कहा कि पेड़ पौधे हमारे जीवन के अभिन्न अंग हैं। इनसे हमें शुद्ध वायु, स्वच्छ वातावरण और स्वस्थ जीवन मिलता है। हर व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभानी चाहिए। वहीं ट्रस्ट के सचिव साहिल यादव ने कहा कि वृक्ष ही धरती का जीवन हैं। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और लगाव बढ़ाते हैं। प्रधानाचार्य विकास ने कार्यक्रम में शामिल होकर सभी का आभार व्यक्त किया।

अयोध्या लौटने पर किया भगवान राम का राजाभिषेक

# रामायण का प्रत्येक पात्र अपने आप में एक पाठशालाः सत्यवीर झूकिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रामलीला परिषद के सिद्धपीठ रंगमंच पर भगवान राम का भव्य तरीके से राज्यभिषेक किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष सत्यवीर झुकिया व गुरुग्राम से व्यवसायी विकास राजपूत मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं नितिन मलिक, विक्रम कोका पूर्व प्रदेश मंत्री एबीवीपी, सुखराज सिंह विशिष्ट अतिथि रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सत्यवीर झूकिया ने कहा कि भगवान राम का चरित्र हमें समाज में किस प्रकार जीवन जीना चाहिए, इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है। रामायण का प्रत्येक पात्र अपने आप में एक पाठशाला है। व्यवसायी विकास राजपूत ने कहा कि रामायण का प्रत्येक संसर्ग हमें प्रेरणा देता है।

आज रामलीला मंचन में आना सौभाग्य की बात है। वह सदैव परिषद के साथ जुड़ा रहेगा। इस प्रकार के कार्यक्रम आने वाले पीढ़ी को प्रेरणा देते हैं।



महेंद्रगढ़। परिषद के रंगमंच भगवान राम का राज्याभिषेक करते गुरु वशिष्ठ।



महेंद्रगढ़। रामलीला कमेटी सदस्य व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर वरिष्ठ कलाकार चेतन प्रकाश गौड़, रामावतार शास्त्री, कवि सुरेश मक्कड़, घीसाराम सैनी, एडवोकेट बुद्धिप्रकाश वशिष्ठ, सुभाष दीवान, रतनलाल नरवलिया, नरेश सोनी, राजेन्द्र भोजक को परिषद के प्रति उनके समर्पण के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मंचन कमेटी संयोजक सुधीर दीवान, रमेश कौशिक, अतुल दीवान, राजेश लावणिया, राजेन्द्र पोपली, रामचन्द्र जांगड़ा, अनिल सेठ, सतीश पटोदिया, सुशील शर्मा, नरेश जोशी, राजू सैनी, अरविन्द जांगड़ा, विजय महक, राजेश बोहरा उपस्थित थे।

### अटेली में श्रीराम के राजतिलक के साथ लीला संपन्न

**मंडी अटेली।** अटेली के झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति के नेतृत्व में चल रही रामलीला का श्रीराम के राजतिलक के साथ के साथ रामलीला का समापन हो गया। अंतिम रात्रि के मंचन में लक्ष्मण द्वारा विभीषण का लंका पर राज्याभिषेक, हनुमान का अयोध्या पहुंचकर भरत को श्रीराम के आगमन की सूचना देना और राम-भरत मिलन के भावुक दृश्य ने दर्शकों का मन मोह लिया। इसके बाद राम राज्याभिषेक, आरती और मिष्ठान वितरण के साथ इस वर्ष की लीला को विराम दे दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ दिनेश जेलदार एवं अरुण राजपुरा द्वारा किया गया।

### रामलीला समापन पर किया भगवान राम का राजतिलक

**महेंद्रगढ़।** बुराई के खिलाफ संकल्प लेकर खड़ा होना, ही भगवान राम के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धा है। अन्याय व धर्म के खिलाफ हम सबको एकजुट होकर खड़ा होना। यह बात सैनीपुरा स्थित खेल मैदान बुराई के प्रति रावण वध के समय भाजपा नेत्री अर्चना ठाकुर कही। इसके उपरांत रामलीला कमेटी के मंचन पर आयोजित भगवान राम का राजतिलक हुआ, जिसमें अर्चना ठाकुर ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने विशेषकर युवा को पीढ़ी को नशे के विरुद्ध आवाज उठाकर संकल्प से लड़ने की प्रेरणा भी दी। नगर में 13 दिनों तक अपार भीड़ व जन-जन के सहयोग से श्री हनुमान रामलीला कमेटी के रंगमंच पर आकर्षक व प्रेरणा दायक रामलीला का आयोजन किया गया। रामलीला कमेटी के रंगमंच पर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ भगवान श्रीराम का राजतिलक किया गया। नगर से वरिष्ठ कलाकार गिरिश कनोड़िया को सभी कलाकारों व रामलीला कमेटी की ओर से सम्मानित किया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के प्रधान कमल सैनी, पूर्व प्रधान जितेंद्र चौधरी, निर्देशक दिनेश मेहता, कलाकार प्रधान शेरसिंह मॉयल, संगीत निर्देशक रेविन गौरा, मैनेजर शिवा सैनी, मुख्य सलाहकार होशियार सैनी, कैलाश आदि मौजूद थे।



महेंद्रगढ़। भ्रमण करते आरपीएस कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### आरपीएस के छात्रों ने किया अरावली फूटहिल क्षेत्र का भ्रमण

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस डिग्री कॉलेज में विश्व आवास दिवस के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग ने विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया। यह भ्रमण अरावली फूटहिल क्षेत्र में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को पर्वतीय भू आकृति, प्राकृतिक संसाधनों व वहां के जीव जंतुओं के प्राकृतिक आवास की विशेषताओं से अवगत कराना था। भ्रमण के दौरान विभाग के प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को विस्तार से समझाया कि कैसे अरावली क्षेत्र जैव विविधता का केंद्र होने के साथ साथ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस भ्रमण का नेतृत्व भूगोल विभाग के प्राध्यापक डॉ. नवीन कुमार, चारू यादव, सुष्मिता शर्मा, दीपक मोडा, तारू पंवार ने किया। शिक्षकों ने स्थल पर विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष उदाहरणों के माध्यम से पर्वतीय क्षेत्रों के भू आकृतिक स्वरूप, जल प्रवाह तंत्र, वनस्पतियों व जीव जंतुओं के जीवन चक्र की व्याख्या की। डीन अकादमिक्स डॉ. हेमंत कुमार ने कहा कि हमें प्राकृतिक आवासों व वन्य प्राणियों के जीवन क्षेत्र को बचाना और संरक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. दवेंद्र सिंह, निदेशक डॉ. महेश यादव व रजिस्ट्रार डॉ. देवेंद्र यादव ने भूगोल विभाग के प्रयासों की सराहना की।

### विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति किया जागरूक



**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल में निजामपुर चौकी के एसएचओ रवि व कांस्टेबल अंकित तथा उनकी टीम ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि साइबर क्राइम क्या है। किस प्रकार से आपके खाते से पैसे निकाल लिये जाते हैं। अत: सभी को सावधान रहने की आवश्यकता है। किसी भी तरह के वीडियो लिंक पर क्लिक न करें तथा अनधिकृत वेबसाइट से कोई सामान ऑनलाइन न खरीदें। अपने बैंक अकाउंट डिटेल किसी से भी शेयर न करें। संस्था के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव ने बताया कि आपके मोबाइल पर आजकल अनेक लिंक आते हैं, उन पर क्लिक न करें। वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने बताया कि सभी को अत्यधिक जागरूकता की आवश्यकता है। अत: डिजीटल लेन-देन में पूर्ण सावधानी रखनी चाहिए।

## आरपीएस का छात्र इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए किया क्वालिफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल का छात्र जतिन कुमार व अन्य।

आरपीएस डिग्री कॉलेज के लिए यह एक अत्यंत गर्व का क्षण है, कॉलेज के होनहार छात्र जतिन कुमार ने आगामी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वालिफाई कर लिया है। संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व सीईओ मनीष राव, निदेशक डॉ. महेश यादव, कुलसचिव डॉ. देवेंद्र यादव व अधिष्ठाता डॉ. हेमंत कुमार ने इस जीत के लिए कोच व जतिन को सम्मानित किया। जतिन कुमार ने हाल ही में विवेकानंद डिग्री कॉलेज डहीना में आयोजित एथलेटिक्स पुरुष व महिला दौड़ स्पर्धा में बेहतरीन समय के साथ यह योग्यता हासिल की। इस प्रदर्शन ने उन्हें देश के सर्वश्रेष्ठ धावकों के साथ प्रतिस्पर्धा करने का अवसर प्रदान किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देवेंद्र सिंह कादयान ने उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि जतिन ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और अटूट समर्पण से यह सफलता प्राप्त की है। उनका क्वालिफिकेशन न केवल कॉलेज के लिए गौरव का विषय है, बल्कि यह हमारे अन्य छात्रों को भी खेल और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगा। संस्था चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव व सीईओ मनीष राव ने जतिन के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा ऑल इंडिया चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद जताई। जतिन कुमार की इस उपलब्धि के पीछे उनके कोच सुनील ढिल्लो, विक्रम सिंह, धीरज, रमेश शर्मा, उमेद सिंह, सज्जन सिंह, मंजू देवी, नवीन पिलानिया का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## आरपीएस के 91 छात्रों ने सर्वश्रेष्ठता की पताका लहराई

एनडीए व एसएसबी में सफलता का पर्याय बना आरपीएसः सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

यूपीएससी की ओर से घोषित एनडीए की लिखित परीक्षा में आरपीएस समूह की प्रतिभाओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए लोहा मनवाया। आरपीएस के 91 विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर संस्था के साथ क्षेत्र, जिले व प्रदेश का भी नाम रोशन किया है। सभी चयनित विद्यार्थियों को संस्था की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एनडीए की लिखित परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर एसएसबी के लिए क्वालीफाई करने वालों में आर्यन श्योराण, आशीष, दिव्य यादव, हर्ष कुमार, झलक



महेंद्रगढ़। आरपीएस स्कूल के सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

यादव, कनिका यादव, लक्ष्य यादव, मयंक, मयंक कुमार, नेहा, प्रिंस यादव, रजत श्योराण, रितिक, साहिल, यश, आयुश, जतिन, मंदीप कुमार, सारांश यादव, निशु गंडास, साहिल यादव, ईशांत कुमार, जितेन्द्र जादम, सचिन, जतिन, कृष, मनिकेत, मनीष, रिषभ धोरवाल, जयंत फलस्वाल, महिद्र गौड़, शौर्य शर्मा, सारांश अरोड़ा, भव्य सैनी, दक्ष, दिव्यांश सिंह, दिव्यांशा यादव, नेहा, जतिन, समीर, अंशु, आदित्य, अंतरिक्ष, दीपक, ईशांत, खुशी, रोबिन, रोहन, रूद्रा बल, सुजल, यश यादव, पुल्कित, साहिल, सिद्धार्थ, आरोही धानिक, अभिनव गुप्ता, अमन अहमद, भूमिका पारीक, हिमांक जैन, परतुस सिंह, प्रियांशु वर्मा, शुभम कौशिक, तनिश यादव, खुशी शर्मा, स्वाती सिंह, हर्ष बच्छराज, रजत, प्रद्युमन, विनित, कृष, ओनिश, तनमय, भावेश, नमन, नवया, कर्मवीर, हर्षित, रजत, मोहित शर्मा, नवीन, निशा व रोहित शर्मा आदि शामिल है।

चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि क्षेत्र के साथ अब आरपीएस के प्रतिभावान छात्र छात्राएं सेना में भी अधिकारी बनकर देश का गौरव बढ़ाने का काम कर रहे हैं। आरपीएस के उचित मंच के माध्यम से सेना में अधिकारी के पद पर पहुंच रहे हैं। सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि प्रतिभा को तराशने के लिए विद्यार्थियों को समय समय पर उचित मार्ग दर्शन मिलना अतिआवश्यक है, जो आरपीएस शिक्षण संस्था की प्रबंधन समिति व शिक्षक समय समय पर विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों से विचार विमर्श कर सफलता के नए नए तरीके अपनाते रहते हैं।

## एनडीए परीक्षा में टैगोर स्कूल के 37 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने अपनी शैक्षणिक और प्रशिक्षण गुणवत्ता का परचम एक बार फिर लहराया है। हाल ही में संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी परीक्षा में विद्यालय के 37 विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की। यह उपलब्धि विद्यालय और पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का माहौल बन गया।

विद्यार्थियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी झलक रही थी। वहीं अभिभावकों की आंखों में गर्व और उल्लास के आंसू भी दिखाई दिए। डायरेक्टर राहुल यादव व प्रिंसिपल वीरेंद्र सिंह ने कहा कि एनडीए जैसी कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा में इतनी बड़ी संख्या में सफलता हासिल करना विद्यालय की मेहनत, अनुशासन और गुणवत्ता का प्रमाण है। यह उपलब्धि न केवल विद्यार्थियों के लिए, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार और अभिभावकों के लिए गर्व का विषय है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी आने वाले समय में भारतीय सेना और राष्ट्र सेवा में उत्कृष्ट योगदान देंगे।

सीईओ डॉ. निशा यादव ने कहा कि यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि टैगोर स्कूल में सिर्फ एनडीए अन्य प्रतिष्ठ परीक्षाओं की भी व्यवस्थित तैयारी करवाई जाती है। यह स्कूल शिक्षा, खेल और राष्ट्रीय सेवा तीनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विद्यार्थियों को तैयार करता है। विद्यालय परिवार, शिक्षकगण व प्रबंधन समिति ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी।

### ज्ञानकोष-ए-ग्लोबल स्कूल में मनाया विजयदशमी का पर्व



**महेंद्रगढ़।** खरखड़ा आकोदा स्थित ज्ञानकोष–ए–ग्लोबल स्कूल में विजयादशमी का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि कनीना के खंड शिक्षा अधिकारी दिलबाग सिंह रहे। विद्यालय की तरफ से सीईओ राकेश कुमार व प्राचार्य रामनिवास यादव ने मुख्यातिथि को बुक्का भेंट कर स्वागत किया। सीईओ राकेश कुमार ने कहा कि दशहरा हमें यह शिक्षा देता है कि सत्य और धर्म की सदैव जीत होती है। विद्यार्थियों ने आज स्वच्छता और नैतिक मूल्यों का संदेश देकर यह दिखाया है कि वे न केवल अच्छे विद्यार्थी हैं, बल्कि आदर्श नागरिक भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व हमें यह संदेश देता है कि चाहे बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में सत्य और अच्छाई की ही जीत होती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में रामा के आदर्शों को अपनाएं और सच्चाई के मार्ग पर चलें। प्राचार्य रामनिवास यादव ने कहा कि भगवान राम का चरित्र हमें समाज में किस प्रकार जीवन जीना चाहिए, इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण है।

### 6 विद्यार्थी विश्वविद्यालय की टॉप 10 सूची में शामिल



**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से बीकॉम विभाग के द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज की छात्रा मुस्कान पुत्री राजेश कुमार ने प्रथम, खुशबू पुत्री नरेश कुमार ने तीसरा, तमन्ना पुत्री सुरेंद्र ने चौथा, मोनिका पुत्री सुनील प्रकाश ने छठा, अनामिका पुत्री विनोद कुमार ने सातवां व हिमांशु पुत्र मनीष ने आठवां स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी की टॉप 10 सूची में स्थान हासिल करके अपना, अपने माता पिता तथा कॉलेज का नाम रोशन किया। संस्था के अध्यक्ष व पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि इस उपलब्धि से यह स्पष्ट संदेश गया है कि ग्रामीण प्रवेश से आने वाले विद्यार्थी भी यदि दृढ़ निश्चय करें और कठिन परिश्रम करें तो किसी भी क्षेत्र में बड़ी से बड़ी उपलब्धि प्राप्त कर सकते हैं। यह सफलता विशेषकर उन विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है, जो संसाधनों की कमी के कारण अक्सर हतोत्साहित हो जाते हैं। वाइस चेयरमैन एडवोकेट कर्णसिंह यादव, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव, कॉलेज के प्राचार्य बबरूभान ने इस सफलता पर गर्व जताया।

### यदुवंशी के 31 छात्रों ने पाई एनडीए परीक्षा में सफलता



**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी विद्यालय के होनहार छात्रों ने एनडीए परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया। इस वर्ष विद्यालय के 31 विद्यार्थियों का चयन एनडीए के लिए हुआ, जो कि एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह परीक्षा संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित की गई थी। इस उपलब्धि को प्राप्त कर विद्यालय परिवार में हर्ष और गर्व का वातावरण है। इस सफलता का श्रेय छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को जाता है। सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कर्मवीर पुत्र वीरेंद्र, निखिल पुत्र मनोज कुमार, मानव पुत्र रवींद्र कुमार, मुस्कान पुत्री वेदपाल, शुभम पुत्र संदीप कुमार, रक्षित पुत्र रवि कुमार, तक्षीत पुत्र संजीत, आर्यन यादव पुत्र योगेंद्र सिंह, जीवन यादव पुत्र राजेश कुमार, तस्वीन यादव पुत्र विनय कुमार, शुभम सैनी पुत्र योगेश कुमार, आर्यन पुत्र धर्मेंद्र सिंह, दीपांशु पुत्र सज्जन कुमार, सौरभ पुत्र सज्जन कुमार, याशिका पुत्री मनोज कुमार, प्रिंस पुत्र प्रीतम, जतिन पुत्र गौरव कौशिक, पीयूष पुत्र अजीत सिंह, प्रिंस पुत्र सुनील कुमार, पीयूष पुत्र जितेंद्र कुमार, मनीष पुत्र वेदप्रकाश शामिल है।

**सूचना**

मैं, प्रकाश सिंह पुत्र रामकुमार सिंह पुत्र हरनाम सिंह निवासी डिगरोता, उपतहसील सतनाली, जिला महेन्द्रगढ़ बयान करता हूं कि मेरे पुत्र सत्येन्द्र सिंह व दूसरा पुत्र बन्टी सिंह मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क कृत्रिम अंग माप-तौल शिविर 5 को

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट की ओर से लाला देवी चंद ग्रोवर कृत्रिम अंग निर्माणशाला के सहयोग से निःशुल्क कृत्रिम अंग माप-तौल शिविर आयोजित किया जा रहा है। ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ संजय शर्मा ने बताया कि यह शिविर पांच अक्तूबर को सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक यादव धर्मशाला में लगाया जाएगा। शिविर में दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम हाथ, कृत्रिम पांव, बैसाखी, कैलिपर्स, टेढ़े पांव के जूते, वाकर और अन्य सहायक उपकरणों का माप लिया जाएगा। हालांकि इस शिविर में व्हील चेयर और बैट्री से चलने वाली साइकिल की व्यवस्था उपलब्ध नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि शिविर को कागजी कार्यवाही से दूर रखा गया है। ऐसे लोग जिनका मेडिकल सर्टिफिकेट नहीं बना है, जिनका आय प्रमाण पत्र भी नहीं बना है और जो जिले से बाहर के है या दूसरे राज्य के निवासी हैं वो लोग भी शिविर में आ सकते हैं।

### मादक पदार्थ व नशीली गोलियां कराई नष्ट

**नारनौल।** मादक पदार्थों के खिलाफ अपनी दृढ़ता दिखाते हुए पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत जब्त किए गए 32 मामलों से संबंधित भारी मात्रा में मादक पदार्थों का सफल निष्पादन (नष्ट करना) किया है। यह कार्रवाई हरियाणा पुलिस महानिदेशक की अनुमति मिलने के उपरांत गुरुग्राम स्थित बायोटेक वेस्ट लिमिटेड कंपनी में पूरी की गई।

नष्ट किए गए मादक पदार्थों का कुल वजन लगभग 109.85 किलोग्राम था, जिसमें गांजा, चूरा पोस्त, चरस/सुल्फा, हेरोइन/स्मैक/चिट्टा जैसे प्रतिबंधित पदार्थ शामिल थे।

### ऑटो चालक से मारपीट मामले में 1 गिरफ्तार

**कनीना।** ऑटो रिक्शा में बकरियां ले जा रहे व्यक्ति के साथ मारपीट करने तथा मोबाइल फोन छीनने के आरोपित व्यक्ति को कनीना सिटी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि बीते बुधवार को सुंदरोज निवासी बेदराज ऑटो रिक्शा से अमीन खान की दो बकरियां महेंद्रगढ़ के समीप माजरा गांव में छोड़कर वहां से दो बकरियां लेकर वापस सुंदरोज अमिनखा के पास जा रहा था। जब वह कनीना में कोसली टी-प्वाइंट पर पंहुचा तो पीछे से जा रहे एक बाइक चालक व्यक्ति ने ऑटो रोकने को कहा।

### हमें उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेनी चाहिए

**महेंद्रगढ़।** स्थानीय नगरपालिका पार्क में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विधायक कंवर सिंह यादव ने पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया। विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री देश की महान विभूतियां थीं। दोनों ही नेताओं ने अपने आदर्शों, सत्य, अहिंसा, ईमानदारी व सादगी से देश को नई दिशा दी। हमें उनके जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेकर समाज व राष्ट्र की सेवा करनी चाहिए। आज की युवा पीढ़ी को उनके त्याग व कर्तव्यनिष्ठा को अपनाना चाहिए। ताकि हम सब मिलकर एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का निर्माण कर सकें।

### अवैध रूप से शराब बेचने के मामलों में 5 गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस की विभिन्न थानों की टीमों ने अवैध रूप से शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिलेभर में विभिन्न स्थानों से अवैध शराब सहित पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिससे पुलिस ने 363 बोतल अवैध देसी शराब, अंग्रेजी शराब और बीयर की बरामद की हैं। आरोपित ड्राई डे पर अवैध रूप से शराब बेच रहे थे। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि थाना सदर नारनौल, थाना निजामपुर, थाना अटेली, थाना शहर कनीना और थाना सतनाली की पुलिस टीमों ने गुप्त सूचना के आधार पर अपने–अपने थाना क्षेत्र में रेड कर विभिन्न स्थानों से आरोपितों के अवैध शराब के साथ पकड़ा, आरोपी ड्राई डे पर अवैध रूप से शराब बेच रहे थे।

---

एस्टीमेट को मिली स्वीकृति अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में शुरू होगा निर्माण कार्य

# 18 साल बाद महेंद्रगढ़ में रेलवे रोड से वेयर हाउस तक की सड़क का होगा निर्माण, 32 लाख होंगे खर्च

- 18 साल बाद होगा जर्जर सड़क मार्ग का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

रेलवे रोड से वेयर हाउस तक 32 लाख रुपये से 200 मीटर तक सड़क बनाई जाएगी। इससे लोगों को आने-जाने में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। बता दें कि 18 साल बाद इस मार्ग का निर्माण होगा। इस मार्ग का निर्माण कार्य एक माह में शुरू होने की उम्मीद है। अब लोगों का रेलवे स्टेशन पर जाने के लिए परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। नगर पालिका की ओर से बनाए गए रिवाइज एस्टीमेट को स्वीकृति मिल गई है। इस मार्ग को अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में शुरू किया जाएगा।

बता दें कि इस मार्ग की हालात पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। इस पर जगह-जगह कई छोटे-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इस मार्ग रेलवे स्टेशन तथा कई सरकारी कार्यालय होने के कारण लोगों का आवागमन बना रहता है, लेकिन सड़क की हालात खस्ता होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। इस सड़क से जब साधन गुजरते हैं, तब बहुत अधिक धूल उड़ती है। धूल दुकानों को घुस जाती है। इस मार्ग से कई स्कूलों की बसें भी गुजरती हैं। दुकानदार दुकान के सामने सड़क पर मलबा डलवा लेते हैं।


महेंद्रगढ़। रेलवे स्टेशन के सामने जर्जर हुई सड़क। फोटो: हरिभूमि

#### 32 लाख रुपये आएगी निर्माण पर लागत

नगर पालिका की ओर से रेलवे रोड पर करीब 32 लाख रुपये खर्च कर नई सड़क बनाई जाएंगी। सड़क निर्माण होने से हजारों लोगों को इसका फायदा मिलेगा। इसके अलावा खासकर रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सड़क में बने गड्ढों से निजात मिलेंगी। रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन करीब पांच हजार यात्री सफर करते है।

#### विकास कार्य जारी

*रेलवे रोड का सड़क निर्माण होने से यहां से गुजरने वाले लोगों को लाभ मिलेगा। वहीं रोजाना ट्रैफिक समस्या से भी राहत मिलेगी। शहर का विकास कार्य तेजी से चल रहा है। उनके कार्यकाल में जो विकास महेंद्रगढ़ शहर का हुआ है, वह पहले नहीं हुआ है।*

*-रमेश सैनी, प्रधान, नगर पालिका, महेंद्रगढ़*

#### मार्ग पर कई सरकारी कार्यालय

इस मार्ग पर रेलवे स्टेशन भी पड़ता है। महेंद्रगढ़ रेलवे से प्रतिदिन करीब पांच हजार यात्री सफर करते है। सड़क की हालात खस्ता होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं है। इसके अलावा इस मार्ग पर मार्केट कमेटी कार्यालय, खाद्य आपूर्ति विभाग, अनाज मंडी, वेयर हाउस होने के कारण लोगों को यहां आवागमन बना रहता है। इसके महज कुछ दूरी पर एसडीएम कार्यालय व सीआईए थाना भी है। वहीं रेवाड़ी जाने वाले वाहन चालक कई बार मार्ग का उपयोग करते है, लेकिन मार्ग ही हालात खस्ता होने के कारण उन्हें भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

---

सोनम वांगचुक की रिहाई के लिए धरने में शामिल लोग बोल

# सोनम वांगचुक कोई देशद्रोही नहीं राष्ट्रभक्त, जेल में डालना अन्यायपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सोनम वांगचुक कोई देशद्रोही नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्त हैं तथा उन्हें जेल में डालना लोकतंत्र की आवाज दबाने का दमनकारी एवं अन्यायपूर्ण कुकृत्य है। केंद्र सरकार को चाहिए कि वह उन्हें तुरंत रिहा करें। यह विचार सामाजिक कार्यकर्ता एवं धरना संयोजक गिरीश खेड़ा ने व्यक्त किए हैं। वह शुक्रवार को वांगुचक के समर्थन में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के गेट पर आयोजित धरना–प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे।

गिरीश खेड़ा ने कहा कि सोनम वांगचुक वह व्यक्तित्व हैं, जिन्होंने वहां माइनस डिग्री तापमान में सीमाओं की रक्षा करने वाले वीर जवानों के सर्दी से बचाव के लिए वहां की जरूरत के अनुसार सोलर आधारित टेंटनुमा हट्स बनवाई। यह उनकी ही देन थी कि कि जहां बाहर का सामान्य तापमान माइनस 20 डिग्री होता था, तब इन हट्स के अंदर का तापमान 15 डिग्री तक बढ़ाने की तकनीक इजाद की, जिससे लेह–लद्दाख जैसे क्षेत्र में बर्फ वाले इलाके में सेना के जवानों का रहना आसान हुआ। उन्होंने किसानों को भी उस इलाके में खेती करना सिखाया, जिसमें कभी पेड़–पौधे ही नहीं उगते थे। सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने पास होने वाले मेरिट के बच्चों को नहीं, बल्कि फेल होने वाले बच्चों को अपने द्वारा तैयार की गई शिक्षा नीति से पढ़ना–लिखना सिखाया। आमिर खान स्टारर थ्री इडियट्स फिल्म इसका उदाहरण है, जिनसे प्रेरणा लेकर यह फिल्म बनी। उन्होंने कहा कि ऐसा राष्ट्रप्रेमी व्यक्ति राष्ट्रद्रोही नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि जिस आंदोलन को उन्होंने शुरू किया है, उसकी उन्हें जरूरत क्यों पड़ी, इसे समझना होगा। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने जम्मू–कश्मीर राज्य के हिस्सा रहे लद्धाख को इससे काटकर यूनाइटेड टैरिटरी (यूटी–केंद्र शासित प्रदेश) का दर्जा दिया, लेकिन केंद्र सरकार ने इसकी तरफ कोई ध्यान नहीं दिया। इससे वहां का वह विकास एवं रोजगार भी खत्म हो गया, जो राज्य सरकार के समय हो मिल जाता था। इसी कारण वहां के युवाओं से मिलकर सोनम वांगचुक ने आंदोलन शुरू किया था और सरकार को उनकी मांगों को सहर्ष स्वीकार कर उन्हें लागू करना चाहिए, लेकिन उन्हें आंदोलन की आड़ में जेल में डाल दिया गया। यह सरकार की दमनकारी एवं अलोकतांत्रिक नीति है। सरकार ने जेल में डालकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास किया है, लोकतांत्रित मर्यादा का गला दबाने वाली घटना है।


नारनौल। पीडब्ल्यूडी के गेट पर धरना देते सामाजिक कार्यकर्ता। फोटो: हरिभूमि

#### यह बोली क्रांतिकारी नेत्री राजसुनेश

धरने पर कांग्रेस नेत्री राज सुनेश ने कहा कि लद्दाख में सोनम वांगचुक ने पांच साल से अपने अधिकारों की मांग कर रहे हैं, वह अधिकार जो भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा में पूरे करने का वादा किया था। लद्दाख को सम्पूर्ण राज्य की घोषणा, छठे अनुच्छेद का दर्जा देने का वादा किया गया था, जिसे सरकार ने पूरा नहीं किया। बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट मंजीत सिंह यादव ने कहा कि सोनम वांगचुक के साथ अन्याय किया जा रहा है। उनके खिलाफ ऐसी धाराएं लगा दी गई हैं, जो आंतकवादियों पर लगाई जाती हैं, जबकि वह बिल्कुल कसूरवार नहीं हैं। ये सत्ता की तानाशाही है, जुल्म है। रिटायर्ड जज राकेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही की सारी सीमाएं लांग चुकी है। नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनएसए) सोनम वांगचुक पर लगाना सरासर अन्याय है। तानाशाही है। ऐसे एक्ट का लगाना इसका कोई भी आधार नहीं है।

#### ये रहे मौजूद

धरने में सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम यादव, वीरभान श्योराण, विवेक भटनागर, आत्माराम, उत्तम यादव, अजीत गोद, रिंकू सैनी, संजय सैनी, सोमबीर, राजेश यादव, अधिवक्ता अभिजीत, सुभाष सैनी, भोजेंद्र, भगवान सिंह, विजय यादव छाजूराम, नंदलाल सैनी व बिजेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

---


सतनाली। मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ सिंह शेखावत का सम्मान करते हुए।

## मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ सिंह शेखावत का व्यापारियों ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

सतनाली अनाज मंडी में मार्केट कमेटी महेंद्रगढ़ के नवनियुक्त चेयरमैन भागीरथ सिंह शेखावत के सम्मान में आढ़ती एवं व्यापारियों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह में व्यापारियों ने मार्केट कमेटी चेयरमैन भागीरथ सिंह शेखावत, भाजपा जिला महामंत्री योगेश शास्त्री, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन शिवकुमार शास्त्री एवं मंडल अध्यक्ष रवि शेखावत जड़वा का पगड़ी एवं फूलमालाओं से स्वागत किया।

इस अवसर पर चेयरमैन भागीरथ सिंह शेखावत ने विधायक, सांसद एवं मुख्यमंत्री व सरकार का आभार जताते हुए कि उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी है उसका वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के सहयोग से सतनाली अनाज मंडी में सुविधाओं में विस्तार का प्रयास करेंगे और किसानों एवं व्यापारियों की मांगों को सरकार तक पहुंचा कर समाधान का प्रयास करेंगे। हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल प्रधान सतीश अग्रवाल ने बताया कि सरकार द्वारा भागीरथ सिंह शेखावत को मार्केट कमेटी चेयरमैन बनाए जाने पर व्यापारियों में खुशी की लहर है। उन्होंने उम्मीद जताई की उनके नेतृत्व में सतनाली अनाज मंडी में सुविधाओं में विस्तार होगा और किसानों एवं व्यापारियों की समस्याओं का वरियता से समाधान होगा। कार्यक्रम को भाजपा जिला महामंत्री योगेश शास्त्री, सीएम विंडो के एमिनेंट पर्सन शिवकुमार शास्त्री एवं मंडल अध्यक्ष रवि शेखावत जड़वा सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मार्केट कमेटी सचिव जितेंद्र, सतनाली व्यापार मंडल प्रधान दीपेंद्र शेखावत, दीवान सिंह शेखावत, अग्रवाल सभा प्रधान बशेसर अग्रवाल, मुकेश मित्तल, संजय श्यामपुरिया, रूप सिंह शेखावत, नरेंद्र शेखावत, पंकज मित्तल, जयप्रकाश गुप्ता, महेंद्र सेठ, मदन गोपालवासिया, कृष्ण भारद्धाज, धर्मपाल सिंह सहित अनेक आढ़ती, व्यापारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

---

# देशभक्ति एवं एकता का संदेश देता आरएसएस शस्त्र पूजन कार्यक्रमः डा. लक्ष्मीनारायण

*संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सतनाली में शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सतनाली मंडी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा दशहरे पर सतनाली में भव्य शस्त्र पूजन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डा. लक्ष्मीनारायण प्रांत अधिकारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने संघ की विचारधारा, राष्ट्र निर्माण में स्वयंसेवकों की भूमिका तथा समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। मुख्य अतिथि ब्रह्मदत्त शर्मा ने सामाजिक समरसता, शिक्षा और संस्कृति के माध्यम से राष्ट्र को सशक्त बनाने के मुद्दों पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड संघचालक मांगेराम ने संघ की गतिविधियों और महेंद्रगढ़ जिले में चल रहे सेवा कार्यों के विषय में संक्षिप्त विवरण दिया तथा समाज के सभी वर्गों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया।

पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा, विदुषी बेला पारीक, नाथ संप्रदाय से योगी वचनाई नाथ, दीवान शेखावत, पवन शेखावत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। खंड संघचालक मांगेराम ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक अनुशासनबद्ध प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह एक जीवंत संदेश है कि संगठित समाज ही मजबूत राष्ट्र की नींव रख सकता है। आज के दौर में जब समाज अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह आयोजन हमें एकजुट रहने और अपनी परंपराओं, संस्कृति तथा मूल्यों के संरक्षण की प्रेरणा देता है।


सतनाली। शस्त्र पूजन कार्यक्रम में उपस्थित संघ के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

#### संगठन की शक्ति का अनुभव

इस कार्यक्रम से संगठन की शक्ति का अनुभव किया, बल्कि समाज में एकता और सद्भाव का सशक्त संदेश भी प्राप्त किया। कार्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के स्वयंसेवकों ने भाग लिया और राष्ट्रहित के प्रति अपने संकल्प को प्रकट किया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विगत कई दशकों से समाज जीवन के विविध क्षेत्रों में सेवा, संस्कार और संगठन का कार्य कर रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्राम विकास, पर्यावरण संरक्षण और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में संघ के स्वयंसेवक सदैव सक्रिय रहते हैं। संगठित समाज ही चुनौतियों का सामना कर सकता है और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकता है।

---

# सरकार द्वारा वर्ष 2026 तक टीबी मुक्त भारत करने का रखा गया है लक्ष्य

*क्षयरोग उन्मूलन को एसडीएम कार्यालय में हुआ बैठक का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

क्षय रोग उन्मूलन को लेकर शुक्रवार को एसडीएम कार्यालय कनीना में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत ने की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 तक केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने टीबी उन्मूलन का लक्ष्य रखा है। जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग के अलावा विभिन्न विभागों सहित सामाजिक संगठनों, प्रबुध व औहदेदार व्यक्तियों का सहयोग लिया जा रहा है।

टीबी से बचाव के लिए आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है। उप नागरिक अस्पताल की प्रवर चिकित्सा अधिकारी डॉ रेणु वर्मा ने कहा कि कनीना ब्लाक में 227 क्षय रोगी हैं जिन्हें प्रतिमाह उपचार किट प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांवों के प्रबुद्धजन टीबी मरीजों को गोद लेकर क्षय रोग उन्मूलन में सहयोग कर सकते हैं।

नगरपालिका कनीना की चेयरपर्सन डॉ रिम्पी लोढ़ा की ओर से दो टीबी मरीजों को गोद लिया हुआ है। जिन्हें प्रतिमाह प्रोटीन युक्त डाइट प्रदान की जाती है। उन्होंने कहा कि सरपंच, नम्बरदार, पंच, पंचायत समिति चेयरमैन, सदस्य, जिला पार्षद व सरकारी अधिकारी व कर्मचारी भी टीबी मरीजों को गोद ले सकते हैं।

बैठक में सीएचओ विजेता, सुपरवाइजर मनीषा यादव, पूजा, दिनेश कुमार बीएसी, सुनील कुमार, अधिवक्ता मीनाक्षी, डॉ संदीप पीएचसी मुडिया खेडा, दीपक कुमार,डॉ सचिन सीएचसी सेहलंग, डॉ दीपांशु पीएचसी भोजावास सहित अन्य व्यक्ति शामिल थे।


कनीना। क्षय रोग उन्मूलन को लेकर आयोजित बैठक में विचार–विमर्श करते एसडीएम।

---

18.50 करोड़ से निर्मित नारनौल के अत्याधुनिक सुविधायुक्त रेस्ट हाउस का उद्घाटन

# केंद्रीय मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री सैनी ने वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

स्थानीय स्तर पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

राज्य के विकास व अतिथि सत्कार की सुविधाओं को एक नई ऊंचाई देते हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम से वर्चुअल माध्यम से जिला के मुख्यालय नारनौल में लोक निर्माण विभाग (बीएंडआर) अत्याधुनिक सुविधायुक्त रेस्ट हाउस का उद्घाटन किया। स्थानीय स्तर पर इसका उद्घाटन पूर्व मंत्री एवं नारनौल के विधायक ओम प्रकाश यादव ने किया। इससे पहले नवनिर्मित रेस्ट हाउस के कॉन्फ्रेंस रूम से केंद्रीय मंत्री तथा मुख्यमंत्री का लाइव कार्यक्रम दिखाया गया।

यह रेस्ट हाउस 2.76 एकड़ के विशाल क्षेत्र में फैला हुआ है। जिसका कुल कवर्ड एरिया 33,350 वर्ग फुट है। यह अपनी उत्कृष्ट सुविधाओं के साथ राज्य के अतिथि सत्कार के बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा। लगभग 18.50 करोड़ रुपये की लागत से तैयार यह रेस्ट हाउस जिले के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इस मौके पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि यह रेस्ट हाउस केवल एक भवन नहीं, बल्कि हमारे राज्य की प्रगति और अतिथि देवो भवः की भावना का प्रतीक हैविधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार प्रदेश के हर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है तथा यह नया रेस्ट हाउस उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मौके पर नप की चेयरपर्सन कमलेश सैनी, बीएंडआर विभाग के एक्सईएन अश्वनी कुमार, एसडीओ जितेंद्र कुमार, एसडीओ दिनेश सांगवान आदि मौजूद थे।


नारनौल। रेस्ट हाउस का उद्घाटन करते विधायक। फोटो: हरिभूमि

#### ये व्यवस्थाएं

*अतिथि सत्कार की व्यवस्था:* इसमें एक मुख्यमंत्री सुइट, दो वी.आई.पी. सुइट, 20 ऑफिसर रूम्स और जनरल टॉयलेट्स जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं शामिल हैं।
*बैठक और आयोजन की सुविधाएं :* रेस्ट हाउस में एक सुसज्जित कॉन्फ्रेंस हॉल, एक कमेटी रूम, ड्राइंग रूम और एक डाइनिंग हॉल भी बनाया गया है, जो उच्च स्तरीय बैठकों और आयोजनों के लिए आदर्श है।
*समावेशी निर्माण:* इस भवन में दिव्यांगजनों के लिए विशेष शौचालय की व्यवस्था करके समावेशी डिजाइन पर भी जोर दिया गया है।

---

### सलीमपुर के विद्यार्थियों ने एनडीए में मारी बाजी



नारनौल। एनडीए की लिखित परीक्षा के घोषित परिणाम में राव नेतराम पब्लिक स्कूल सलीमपुर के विद्यार्थियों ने बाजी मारी है। विद्यालय प्राचार्य अनीता देवी ने विद्यार्थियों का बधाई देते हुए बताया कि पारस पुत्र महीपाल गणियार का लिखित परीक्षा में चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि कड़ी मेहनत व अथक परिश्रम से किए गए कार्य में हमेशा सफलता हासिल होती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया किया कि इस सफलता के वह सभी भागीदार हैं, जिन्होंने प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान दिया है। इस मौके पर विद्यालय रोहित, समता, प्रदीप, सुरेंद्र, मोनिका, पूजा व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर पर 16 रुपये वृद्धि करना गलत

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी ने केन्द्र सरकार द्वारा एलपीजी कमर्शियल सिलेंडर पर की गई 16 रुपए की वृद्धि को सरासर गलत बताते हुए इसे वापिस लेने की मांग की है। बसपा नेता अतरलाल एडवोकेट ने केंद्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री प्रहलाद जोशी को भेजे ज्ञापन में कार्मिशियल एलपीजी प्रति सिलेंडर 16 रूपये की वृद्धि को जनविरोधी बताते हुए कहा कि इससे दुकानदारों, कारोबारियों तथा अन्य परिवारों की रोजमर्रा जिंदगी पर सीधा असर पड़ेगा। त्योहारों से पहले की गई वृद्धि करना गलत है, बल्कि छोटे व्यवसाय करने वाले लोगों की कमर तोड़ने का कदम है। इसलिए बहुजन समाज पार्टी केन्द्र सरकार की इस वृद्धि का जोरदार विरोध करती है तथा तत्काल इस वृद्धि को वापिस लेने की मांग करती है। उन्होंने कहा कि सरकार लघु व्यवसायियों की परेशानियों को दूर करने की बजाय उनकी परेशानियां बढ़ा रही है। जिससे उनका व्यवसाय ठप्प हो जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि सरकार ने तत्काल कमर्शियल सिलेंडर पर की गई वृद्धि को वापिस नहीं लिया तो बहुजन समाज पार्टी आंदोलन करेगी।